>

Title: Need to introduce air services from Chakarbhata, Bilaspur district, Chhatisgarh.

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर) : सभापति महोदय, मैं छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिले चकृभट्टा हवाई पट्टी में हवाई सेवा प्रारंभ करने की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। बिलासपुर जिला रायपुर राजधानी का दूसरे नम्बर का शहर है और उक्त जिले में 1200 करोड़ रुपये का एनटीपीसी का कारखाना है, कोरबा में ताप विद्युतगृह है। वहां के कर्मचारियों और अधिकारियों को रायपुर जाने में कई घंटे लगते हैं।

एचसीएल का कोयले का मुख्यालय बिलासपुर में है। वहां गुरु घासी दास यूनीवर्सिटी है जिसमें बहुत से बच्चे पढ़ते हैं। हाई कोर्ट है, बिलासपुर जिला कमिश्नरी भी है, फर्टीलाइजर और सीमेंट कम्पनी का कारखाना भी है। इन सबको देखते हुए मैं कहना चाहूंगा कि रायपुर राजधानी जाने के लिए हवाई सेवा नहीं है। पहले वहां 12 सीटर एयर बस की सुविधा थी जो मध्य प्रदेश और अन्य जगह जाती थी। उसे बंद कर दिया गया है जिससे वहां के लोगों को आने-जाने में असुविधा होती है। यात्रियों को चेन्नई, मुम्बई, कोलकाता आदि जगह जाने में असुविधा होती है। बीमार, पीड़ित और अन्य लोग हैं, जो कई-कई घंटे गाड़ियों में जाते हैं, आज उन्हें अनेक सुविधाएं प्राप्त हो गई हैं। जैसे रायपुर राजधानी में एयर डेक्कन की सेवा, एयरलाइन्स की सेवा, ऐसी अन्य कई प्रकार की सुविधाएं प्राप्त हो चुकी हैं और पूरे देश में जा रही हैं।

मैं अनुरोध करना चाहूंगा कि बिलासपुर हवाई सेवा चकृभाटा में की जाए। वहां हवाई जहाज चलने लायक पट्टी बन चुकी है। राज्य सरकार ने पूरी व्यवस्था कर दी है। अत: चकृभाटा हवाई पट्टी पर हवाई सेवा प्रारंभ की जाए, चाहे वह प्राइवेट एयरलाइन्स हो या अन्य कोई एयरलाइन्स हो, जिससे डायरैक्ट दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, लखनऊ, मुम्बई या अन्य शहरों के लोगों को यह सुविधा प्राप्त हो सके। वहां जो कर्मचारी, अधिकारी और आम नागरिकों को, जो आर्थिक दृष्टिकोण से व्यापार करते हैं, शासकीय कार्य करते हैं ,जो लोग आते-जाते हैं, जनप्रतिनिधियों को भी आना-जाना पड़ता है। इन सब महत्वपूर्ण चीजों को देखते हुए बिलासपुर चकृभाटा में हवाई सेवा प्रारंभ की जाए।